तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

11 जियो फेंसिंग के खिलाफ कर्मियों का उग्र प्रदर्शन, मरीज हुए परेशान

12 लॉन टेनिस: करनाल को हराकर सोनीत की महिला प्रथम


## खबर संक्षेप

### थाना खुर्द से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**खरखौदा।** थाना खुर्द गांव में बिजली विभाग के 25 किलो वाट ट्रांसफार्मर का सामान चोरी हो गया है। एसडीओ राकेश ने बताया कि थाना खुर्द गांव में महावीर के नाम से यह ट्रांसफार्मर लगाया जाना था। रात के समय चोरों ने ट्रांसफार्मर का सारा सामान चोरी कर लिया है। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए के करीब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**खरखौदा।** क्षेत्र के एक गांव से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। महिला के पति संदीप ने बताया कि उसकी पत्नी 30 जुलाई को घर से बाहर गई थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। अपने तौर वह पत्नी को सभी जगह तलाश कर चुका है, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उसे शक है कि किसी ने अपने फायदे के लिए उसे कहीं छुपाया हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मादक तस्करी में शामिल महिला काबू

**सोनीपत।** राई पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में वैशाली बिहार हाल गांव बढ़मलिक की महिला को गिरफ्तार किया है। एसआई नरेंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना पर संदिग्ध घूम रही महिला को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास 318 ग्राम गांजा मिला। महिला के खिलाफ खिलाफ राई थाने में मुकदमा दर्ज किया तथा अदालत ने उसे जमानत पर छोड़ दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**खरखौदा।** फरमाना गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने उसकी मौत को हत्या करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है। गांव आलदी उत्तर प्रदेश निवासी लियाकत ने बताया कि उसका पुत्र साजिम गांव से फरमाना में एक युवक कौशल के साथ मजदूरी पर गया था। ईद पर घर आया तो उसने गांव चरथावल मुजफ्फरपुर के सारिक पर मारपीट करने की बात कही थी। सोमवार को उसे पता चला कि साजिम की मौत हो गई है। जब वे मौके पर पहुंचे साजिम एक मकान के पीछे मृत पड़ा था। उन्होंने सारिक पर छत से धक्का देकर हत्या का आरोप लगाया।

### रक्षाबंधन पर रेलवे की यात्रियों को बड़ी सौगात

# अब सप्ताह में चार दिन चलेगी गरीब रथ एक्सप्रेस, ट्रेनों में भीड़ होगी कम

त्यौहारी सीजन में धनबाद-सोनीपत-जम्मूतवी रूट पर भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बढ़ाए स्पेशल फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक त्यौहार पर ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ से यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। धनबाद से सोनीपत होते हुए जम्मूतवी जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस अब सप्ताह में दो नहीं बल्कि चार दिन चलेगी। 13 अगस्त तक चलने वाली इस स्पेशल योजना के तहत ट्रेन को अप और डाउन दोनों दिशाओं में अतिरिक्त फेरे लगाने की मंजूरी दी गई है।

त्यौहारी सीजन में घर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या, लंबी वेटिंग लिस्ट और कंफर्म टिकट के लिए मची होड़ को देखते हुए रेलवे का यह कदम यात्रियों के लिए किसी राहत से कम नहीं है। रेलवे की इस पहल से खासकर वे लोग लाभान्वित होंगे जो त्योहारों के मौके पर अपने घर जाना चाहते हैं लेकिन टिकट की समस्या से जूझते हैं। रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते को जोड़ने वाला यह 'रेल स्नेहबंधन' यात्रियों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा। रेलवे द्वारा इस प्रकार की समयबद्ध पहलें न केवल यात्रा सुविधा को बेहतर बनाती हैं, बल्कि त्योहारों के सामाजिक महत्व को भी सार्थकता प्रदान करती हैं।

#### कैसे और किसे होगा फायदा

- ▶▶ त्योहारी सीजन में सफर करने वाले लंबी दूरी के यात्री
- ▶▶ सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र और दिल्ली के दैनिक यात्री
- ▶▶ जम्मू और पंजाब की ओर जाने वाले परिवार
- ▶▶ वेटिंग लिस्ट से परेशान यात्रियों को मिलेगा विकल्प

#### सोनीपत में होगा ठहराव

नई व्यवस्था के तहत गाड़ी संख्या 03309 गरीब रथ एक्सप्रेस अब हर मंगलवार और शनिवार को धनबाद से जम्मूतवी के लिए रवाना होगी, जबकि गाड़ी संख्या 03310 वापसी में बुधवार और रविवार को जम्मूतवी से धनबाद के लिए चलाई जाएगी। दोनों ट्रेनों का सोनीपत स्टेशन पर भी दो-दो मिनट का ठहराव रहेगा। 03309 ट्रेन सुबह 10:08 बजे सोनीपत पहुंचेगी, जबकि 03310 ट्रेन सुबह 9:45 बजे यहां से गुजरेगी। इससे न केवल दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू के यात्रियों को फायदा मिलेगा, बल्कि दैनिक यात्रियों को भी बेहतर विकल्प मिल सकेगा।

#### रेलवे का मानवीय कदम

दिल्ली रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि, त्यौहारी मौसम में यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए धनबाद-जम्मूतवी गरीब रथ एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाए गए हैं। इस निर्णय से लंबी दूरी की ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होगा और यात्रियों को कंफर्म सीट मिलने से उनकी यात्रा सुविधाजनक होगी।

## अतिक्रमण करने वालों को थमाए नोटिस

### पुलिस व नगर निगम का संयुक्त अभियान

**सोनीपत।** तीज पर्व पर भीड़ से निपटने के लिए प्रशासन सड़कों व बाजारों को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए जमीन पर उतर चुका है। सोमवार को नगर निगम व पुलिस ने बहालगढ़ क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 दुकानदारों को अतिक्रमण के लिए नोटिस दिए व तय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। हाइवे ट्रैफिक प्रभारी कर्मबीर व नगर निगम के सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक के नेतृत्व में टीम ने सड़कों पर रखे गए ठेले, बेंच, डिस्प्ले बोर्ड और सामान को हटाया। जिससे राहगीरों व वाहनों की आवाजाही में परेशानी न हो। क्षेत्रवासियों ने अभियान का स्वागत किया और कहा कि इससे न केवल ट्रैफिक की स्थिति सुधरेगी बल्कि त्योहारों के समय बाजारों में अव्यवस्था भी कम होगी। प्रशासन की यह पहल आने वाले दिनों में अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी पहुंच सकती है। अब देखना होगा कि चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारी स्वयं पीछे हटते हैं या फिर सख्त कार्रवाई होती है।

#### समस्या पुरानी, सख्ती नई

शहर में अतिक्रमण कोई नई बात नहीं है, लेकिन समय के साथ यह समस्या भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम का स्थायी कारण बन चुकी है। फुटपाथ तक दुकानों के फैलाव और सड़क के किनारे अस्थायी स्टालों के चलते कई जगह सड़कों की चौड़ाई 8 से 10 फीट तक सिमट चुकी है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे पर्वों के दौरान यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब फुटपाथों पर अस्थायी बाजार सजने लगते हैं। ऐसे में सामान्य आवाजाही भी चुनौती बन जाती है।

#### 50 सदस्यीय टीम मैदान में उतरी

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर 50 सदस्यीय विशेष टीम बनाई है, जो शुक्रवार से अभियान चला रही है। टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया है, ताकि नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस बार अतिक्रमण हटाओ अभियान सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि परिणाम देने वाला होगा। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण जारी रहा तो एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**खरखौदा।** थाने का निरीक्षण करती पुलिस आयुक्त ममता सिंह।

## फरमाणा, सैदपुर आईएमटी क्षेत्र में नए पुलिस थाने बनाने पर चर्चा

### पुलिस आयुक्त ने किया थाने का दौरा, सभी आईओ से जानी लंबित केसों की डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने खरखौदा पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने खरखौदा से संबंधित केसों के बारे में स्टेटस रिपोर्ट मांगी। सभी आईओ से लंबित मामलों पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। फरमाणा व सैदपुर क्षेत्र में पुलिस थाना बने इस बारे में भी दौरा किया गया। मारूति आईएमटी में भविष्य में लॉ एंड आर्डर से संबंधित कोई समस्या भविष्य में ना रहे इसलिए वहां पर पुलिस थाना बनाने की दिशा में भी प्लानिंग चल रही है। जमीन का चयन किया जाना है। ताकि बेहतर लोकेशन पर पुलिस थाना स्थापित किया जा सके।

#### हर माह संवाद कर लॉ एंड आर्डर पर करें चर्चा

मीटिंग के बाद उन्होंने खरखौदा पुलिस थाने के ग्राउंड फ्लोर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आमजन से संवाद हर महीने करते रहें। गांव व शहर के लोगों के साथ बैठक करके लॉ एंड आर्डर से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ले और उनके निवारण की दिशा में कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जो भी शिकायतें लेकर पुलिस थाने में आते हैं, उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। समय रहते मामलों को निपटाएं, ताकि लोगों को बार बार पुलिस थानों के चक्कर ना काटने पड़े।

#### सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी सुरक्षा

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने गहन निरीक्षण के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें क्राइम को रोकने की दिशा में कैमरे कहां-कहां लगाए जाने हैं, ताकि उनका ज्यादा फायदा हो सके। क्षेत्र वासियों को भय मुक्त व सुरक्षा का माहौल दिया जाना चाहिए। पुलिस व पब्लिक के बीच रिश्ते मजबूत हो इस पर भी ध्यान दिया जाए। क्षेत्र को क्राइम मुक्त बनाने में क्या क्या कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## मेडिकल स्टोर से मिली प्रतिबंधित दवा दुकानदार फरार और दुकान की सील

- हरियाणा मेडिकल स्टोर पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व जिला औषद्यी विभाग की टीम ने की छापेमारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



शहर के ओल्ड डीसी रोड स्थित हरियाणा मेडिकल स्टोर पर सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री उड़नदस्ते और जिला औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर से एवील इंजेक्शन की 185 सीसी और करीब दो हजार गोलियां बरामद की गईं। छापेमारी की भनक लगते ही मेडिकल स्टोर का संचालक और फरार हो गए। टीम ने तत्काल प्रभाव से मेडिकल स्टोर को सील कर दिया । औषधी अधिकारी मुंशी राम व उड़नदस्ता अधिकारी ने बताया कि एवीएल इंजेक्शन का नशा करने वाले युवक इसका दुरुपयोग नशे के तौर पर करते हैं। इससे नशे की लत बढ़ने का खतरा बना रहता है। टीम ने स्टोर संचालक को फोन कर दवाइयां के बिल दिखाने के लिए प्रयास किया लेकिन स्टोर संचालक नहीं पहुंचा।, अधिकारियों का कहना है कि जिले में नशे के बढ़ते मामलों को देखते हुए मेडिकल स्टोर की जांच का दायरा आगे और भी बढ़ाया जाएगा।

### प्लाट से चोरी स्कूल वैन फिरनी पर खड़ी मिली

**गन्नौर।** गांव सैयांखेड़ा में इको वैन चोरी में अब एक नए मोड़ पर आ गया है। जो वैन चोरों ने 28 जुलाई की रात प्लाट से चोरी की थी वह अगले दिन गांव की फिरनी पर खड़ी मिली। चोर वैन से म्यूजिक सिस्टम, स्पीकर, आरसी, लाइसेंस, फास्टैग इत्यादि चुरा ले गए।। सैयांखेड़ा निवासी जोगिंद्र ने बताया था कि उसने अपनी इको खाली प्लाट में खड़ी की थी। अगली सुबह वैन गायब मिली। आसपास के सीसीटीवी खंगाले गए तो रात करीब 1 बजे एक संदिग्ध युवक वैन ले जाता दिखा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो चोर अगले दिन वैन को फिरनी पर छोड़ गए।

## बजाना कलां के सरकारी स्कूल में छात्र छात्राओं से कटवाए पेड़, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- स्कूल इंचार्ज का कबूलनामा, स्कूल में नहीं कोई सफाईकर्मी



राजकीय मिडल स्कूल बजाना कला में पढ़ाई से ज्यादा छात्र-छात्राओं से श्रम कराया जा रहा है। स्कूल में जहां छात्रों से न सिर्फ पेड़ कटवाए जा रहे हैं, बल्कि छात्राओं को झाड़ू लगाने तक के काम में लगाया गया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि छात्र स्कूल परिसर में झाड़ियों और छोटे पेड़ों को काट रहे हैं, जबकि छात्राएं कमरों व परिसर की सफाई करती नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों में भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि स्कूल में पढ़ाई की जगह बच्चों से श्रम कराया जा रहा है। जब स्कूल इंचार्ज से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि स्कूल कोई सफाईकर्मी नहीं है। स्कूल ग्राउंड में काफी समय से घास और झाड़ियां खड़ी थीं, जिस पर पहले दवाई का छिड़काव किया व फिर पीटी पीरियड के समय छात्रों से सफाई करवाई। हालांकि शिक्षा विभाग के नियमानुसार छात्रों से इस प्रकार का कोई श्रम कार्य नहीं कराया जा सकता। अभिभावकों ने मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और स्कूल में सफाईकर्मी की तैनाती की जाए, ताकि बच्चों को इस तरह के कामों में न लगाया जाए।

## संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पति के साथ किराए के मकान में रहती थी 18 वर्षीय मोनी देवी।

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में भिजवाया। मंगलवार को मृतका के परिजनों के पहुंचने पर पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी यूपी निवासी मोनी देवी (18) की शादी यूपी हरदोई निवासी मनीष के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। मनीष हाल में बहालगढ़ थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहता है। रविवार देर शाम करीब नौ बजे वह बाजार में सामान लेने के लिए चला गया। वापस आया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। मनीष ने बताया कि दरवाजा तोड़कर वह कमरे के अंदर घुसा। उसकी पत्नी फंदे से लटकी हुई थी। उसने अपने दोस्त को बुलाया उसके बाद उसके शव को फंदे से नीचे उतारा। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि मृतका के परिजनों को सुबह ही कॉल करके इस संबंध में सूचना दे दी थी, लेकिन देर शाम तक वह सोनीपत नहीं पहुंच पाएं।

## गढ़ी सराय से 1.105 किलो चरस के साथ नशा तस्कर युवक काबू

**गोहाना।** सोमवार को एनसीबी की भिवानी यूनिट ने थाना शहर गोहाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सराय में घर से नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोपित को दबोच लिया। टीम ने आरोपित के पास से 1.105 किलोग्राम चरस भी बरामद की। आरोपित के खिलाफ थाना शहर गोहाना में मामला दर्ज किया गया है।

एनसीबी भिवानी यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पंखुडी कुमार के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक मंजीत अपनी टीम के साथ थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत के एरिया में मौजूद था। तभी गुप्त सूचना मिली कि गांव गढ़ी सराय में एक व्यक्ति अपने घर से अवैध चरस की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने योजना बनाकर बताए गए स्थान पर छापेमारी की और मौके से आरोपी मनोज को गिरफ्तार किया।

## ड्रेन में डूबे युवक का शव 13 घंटे के बाद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



शहर में विष्णु नगर में परिवार द्वारा शराब के पैसे देने से मना करने पर युवक ने घर के सामने ड्रेन में छलांग लगा दी। युवक को बचाने के लिए उसका भाई भी ड्रेन में कूदा लेकिन उसे बचा नहीं सका। देखते ही देखते युवक ड्रेन के गहरे पानी में डूब गया। करीब 13 घंटे के बाद उसी जगह से युवक का शव बरामद किया गया।

धर्मपाल के तीन बेटे गोविंद, सन्नी और अजय थे। परिवार ड्रेन आठ के पास रहता है। उसका बेटा गोविंद मजदूरी करता है व शराब पीने का आदी था। रविवार शाम उसने परिवार से शराब के लिए रुपये मांगे। पिता ने रुपये देने से मना कर दिया। रात आठ बजे वह गुस्से में बाहर निकाला और घर के सामने ही ड्रेन में छलांग लगा दी। रविवार को ड्रेन में लगभग 600 क्यूसेक पानी बह रहा था।

#### भाई को बचा नहीं पाया सन्नी

गोविंद को बचाने के लिए भाई सन्नी ने भी छलांग लगाई। वह भाई बचा नहीं पाया। सन्नी भी डूबने लगा तो तीसरे भाई अजय ने रस्सी फेंक उसे बाहर निकाला। मां बेबी देवी भी बेटों के साथ मौके पर ही पहुंची थी। पुलिस व परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की पर सुराग नहीं लगा। प्रशासन ने अंटा हेड से ड्रेन में पानी बंद करवा दिया था। सुबह तक ड्रेन में पानी कम हुआ। सोमवार सुबह लगभग नौ बजे गोविंद ड्रेन में शव मिला। शव वहीं मिला, जहां व कूदा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### तालाबों की सफाई के प्रति जागरूकता अभियान को गति देने पर चर्चा

# प्रदेश के 19871 में से 11022 तालाब प्रदूषित

- हरियाणा तालाब प्राधिकरण के प्रमुख सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा पहुंचे मुरथल विवि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा तालाब प्राधिकरण के प्रमुख सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने सोमवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति प्रोफेसर प्रकाश सिंह से मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा तालाब प्राधिकरण द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों एवं संकायों के साथ मिलकर गांवों में चलाये जा रहे तालाबों के प्रति जागरूकता अभियान को गति देने पर चर्चा की गयी।


**सोनीपत।** पौधरोपण करते हुए प्रभाकर कुमार वर्मा साथ में अन्य।

प्रभाकर कुमार वर्मा ने कुलपति से विश्वविद्यालय में तालाब प्राधिकरण के लिए इस क्षेत्र में जीर्णोद्धार किए जा रहे तालाबों की तृतीय पक्ष गुणवत्ता आश्वासन एवं उत्कृष्टता केंद्र के लिए केंद्र स्थापित करने के लिए की अपील की। जिस पर कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह ने इस सन्दर्भ में उक्त बैठक में उपस्थित अपने दो वरिष्ठ सम्बंधित प्रो. विजय शर्मा एवं प्रो. रवि वैश को निर्देश दिया कि वर्तमान में जागरूकता अभियान को पुनः गति दी जाए साथ ही प्राधिकरण के दोनों प्रस्तावों पर भी जल्द से जल्द समुचित प्रस्ताव प्राधिकरण के अनुमोदन के लिए भेजें जाएं।

#### कार्ययोजना में शामिल 6542 में सोनीपत के 311

प्रभाकर कुमार वर्मा जी ने बताया कि वर्तमान में हरियाणा तालाब प्राधिकरण के पीडीएमएस पर दर्ज 19871 तालाबों में से 11022 प्रदूषित तालाब है तथा इनमें से 6542 तालाबों को 2025-26 के वार्षिक कार्य योजना में लिया गया है,जिसमें से सोनीपत जिले के कुल 311 तालाबों को कार्य योजना में लिया गया है। जिला के इन तालाबों में से 29 तालाबों का कार्य पूर्ण हो गया है और 05 तालाबों पर कार्य प्रगति में है तथा बाकि के तालाबों के लिए योजना की जा रही है।

इसके अतिरिक्त हरियाणा तालाब प्राधिकरण द्वारा गांवों में तालाबों के रख रखाव के प्रति लोगो में जागरूकता लाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सोनीपत के गांव राजुलू एवं कासंडी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

## शहर में 30, गन्नौर में 28 एमएम बारिश

### अलसुबह बारिश, तापमान गिरा, अधिकतम 31 व न्यूनतम 27.4 डिग्री रहा

- शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव ने फिर बढ़ाई लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोमवार अलसुबह हुई झमाझम बारिश ने सोनीपतवासियों को गर्मी और उमस से राहत दी। रविवार देर रात शुरू हुई बारिश सोमवार तड़के तक जारी रही, जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोनीपत शहर में 30 एमएम और गन्नौर में 28 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

बारिश के चलते अधिकतम तापमान गिरकर 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय मौसम सुहावना और ठंडक भरा रहा, जिससे लोगों को राहत की सांस मिली। शहर की सड़कों पर जगह-जगह हल्का जलभराव भी देखा गया, हालांकि अधिकांश इलाकों में बारिश का पानी जल्द ही निकल गया।

#### मौसम का पूर्वानुमान

केवीके जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और नमी भरी हवाओं के कारण आने वाले कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मंगलवार और बुधवार को भी बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अभी मॉनसून सक्रिय है और हवा की दिशा भी बारिश को अनुकूल बना रही है।

#### फसलों के लिए फायदेमंद

बारिश से जहां आम लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं खेती-बाड़ी के लिए भी यह बारिश फायदेमंद साबित हुई है। विशेष रूप से धान, मक्का और गन्ने की फसल के लिए यह पानी वरदान साबित हो सकता है। सोमवार सुबह शहरवासियों ने बारिश के बाद खुले मौसम का आनंद लिया। मौसम में आई ठंडक ने दिन की शुरुआत को खुशनुमा बना दिया। आने वाले दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

#### ऐसे बरसे मेघा

| ब्लॉक | बारिश (एमएम) |
|---|---|
| ▶▶ सोनीपत | 30 |
| ▶▶ गन्नौर | 28 |
| ▶▶ गोहाना | शून्य |
| ▶▶ खरखौदा | 08 |
| ▶▶ खानपुर कलां | 05 |
| ▶▶ राई | शून्य |



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



# भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन



रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

# अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषाः** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायराः** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़ः** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

मेकअप
मानसी

# फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशनः** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।



**प्राइमर और फाउंडेशनः** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फाउंडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।

**आई मेकअपः** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।


**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसीः** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएंः** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

# आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिकः** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटाः** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिररः** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकनः** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पेंशन वेरिफिकेशन बनी मुसीबत, जताया विरोध

**सोनीपत।** बुजुर्गों की 'बोर्ड ऑफ पेंशन' वेरिफिकेशन प्रक्रिया सोनीपत में परेशानी का सबब बन गई है। बीडीपीओ कार्यालय में पेंशन वेरिफिकेशन के लिए पहुंचने वाले बुजुर्गों को घंटों लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे कई की हालत तक बिगड़ गई। चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों की दुर्दशा देखकर जिला पार्षद ने एक बुजुर्ग को उठाकर वेरिफिकेशन कराने के लिए कार्यालय पहुंचे।

### घड़वाल में छात्र लापता थाने में शिकायत दर्ज

**गोहाना।** गांव भावड़ स्थित स्कूल से घड़वाल में घर आने के बाद छात्र लापता हो गया। पिता ने बरोदा थाना में शिकायत दी। घड़वाल गांव के दीपक ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है। उसका बेटा अक्षय (17) भावड़ गांव स्थित आदर्श स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता है। वह शनिवार को दोपहर बाद दो बजे स्कूल से घर आया था। इसके बाद अक्षय बिना किसी को बताए कहीं चला गया।

### दुकान से मोबाइल और नकदी चुराने वाला काबू

**गोहाना।** सीआइए गोहाना की पुलिस टीम ने दुकान से मोबाइल, नकदी व अन्य सामान की चोरी करने में आरोपित उत्तरप्रदेश में हापुड़ के आसिफ को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। शहर में महम रोड पर रहने वाले साहिल ने अक्टूबर 2023 में पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी टेलीकाम की दुकान में चोरों ने सेंध लगा दी।

### चौपाल से इनवर्टर व बैट्री चुराई, केस

**गोहाना।** गांव मातंड में चौपाल से इनवर्टर व बैट्री चोरी कर ली। सरपंच की शिकायत प बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सरपंच राजेश ने पुलिस को बताया कि पंचायत द्वारा ब्राह्मण चौपाल में इनवर्टर व दो बैट्री लगवाई गई थी। रविवार को उनको चोरी कर लिया। ग्रामीण चौपाल में गए तो इनवर्टर व बैट्री की चोरी का पता चला।

### युवक ने हमला कर घायल करने का लगाया आरोप

**खरखौदा।** रोहतक के हुमायूंपुर गांव के रहने वाले युवक ने खरखौदा थाने में शिकायत देते हुए कुछ लोगों पर उसका रास्ता रोककर हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। देवव्रत का कहना है कि वह अपने बीमार पिता जोगिंद्र के साथ सिसाना स्थित शनि मंदिर में पूजा करने के बाद अपनी कार लेकर वापस लौट रहा था। इस बीच एक स्कार्पियो गाड़ी ने उनकी कार को सामने से आकर रुकवाया, जिसे वीर विजय चला रहा था।

### इनसो ने स्थापना दिवस समारोह का दिया न्योता

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो का 23वां स्थापना दिवस समारोह 5 अगस्त को दोपहर 3 बजे शहनाई गार्डन दिल्ली रोड पर कवि सम्मेलन के रुप में मनाया जाएगा। जिसमें सरदार प्रताप फौजदार, अरूण जैमिनी, शंभू शिखर व पद्ममिनी शर्मा जैसे हास्य कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इनसो जिलाध्यक्ष कृष्ण सरोहा व छात्र नेता शुभम नैन ने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जाकर छात्रों को न्योता दिया व कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया।

### हत्या करने का आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** सीआइए गोहाना की पुलिस टीम ने गांव मदीना में किसान की लाठी व डंड़ो से पीट कर हत्या की वारदात में आरोपित इसी गांव के दिनेश उर्फ बाबा को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े पॉक्सो एक्ट पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र संस्था से जुड़े सदस्यों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें सदस्य जोविश ने कानून के विभिन्न पहलुओं को सरल भाषा में समझाया और व्यवहारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

## जियो फेंसिंग प्रणाली के विरोध में धरना, नारेबाजी की

# स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदर्शन मरीजों को करना पड़ा इंतजार

### ओपीडी छोड़ एक घंटे तक चिकित्सक व अन्य स्टाफ कर्मचारी धरने में बैठे

### जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिला स्वास्थ्य विभाग सोनीपत के अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को जियो फेंसिंग उपस्थिति प्रणाली के विरोध में एकजुट होकर सिविल सर्जन कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। इस रोष प्रदर्शन में लगभग 400 से अधिक स्वास्थ्य विभाग कर्मियों ने भाग लेकर इसे एक आक्रोश प्रदर्शन में तब्दील कर दिया। प्रदर्शन के चलते नागरिक अस्पताल में ओपीडी, लैब और अन्य सेवाएं एक घंटे तक बाधित रहीं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नागरिक अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बार धरने में बैठे चिकित्सक व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक डा. नितिन फलस्वाल ने कहा कि लोकेशन आधारित उपस्थिति प्रणाली (जियो फेंसिंग) के माध्यम से सरकार हमें डिजिटल अरेस्ट करने की मानसिकता रखती है, जो न केवल निंदनीय है बल्कि निजता के अधिकार का भी खुला उल्लंघन है। जब तक यह व्यवस्था वापस नहीं ली जाती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं डॉ. निकिता, अध्यक्ष, दन्तक सर्जन एसोसिएशन ने कहा कि /"यह प्रणाली खासकर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगी। यह केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का भी सवाल है। हम इस व्यवस्था को बंद करवाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि गत 8 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारियों से वार्ता के बावजूद समाधान न होने पर 28 जुलाई को भी प्रदेशभर में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया था। लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते अब आंदोलन को और तेज किया जाएगा। डॉ. नितिन फलस्वाल ने चेताया कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती तो जल्द ही राज्य स्तर की बैठक बुलाकर आंदोलन को और व्यापक रूप से चलाया जाएगा। भविष्य में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं में जो भी असुविधा होगी, उसकी जिम्मेदार सरकार होगी। प्रदर्शन में एचसीएमएस एसो, दन्त सर्जन एसो, फार्मासिस्ट अधिकारी एसो, नर्सिंग एसो, रेडियोग्राफर एसो, मिनिसट्रियल स्टाफ एसो और बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो समेत सभी कर्मचारी संगठन शामिल रहे।



सोनीपत। कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। ओपीडी में इंतजार करते मरीज। फोटो :हरिभूमि

### करीब एक घंटे तक मरीज ओपीडी में करते रहे इंतजार

नागरिक अस्पताल की ओपीडी में तैनात चिकित्सक व अन्य स्टाफ कर्मचारी जियो फेंसिंग प्रणाली के विरोध में अपना काम छोड़कर प्रदर्शन का हिस्सा बने। इस दौरान अस्पताल में दूर-दराज से आए मरीजों को इंतजार के लिए एक घंटे तक ओपीडी के बाहर खड़े होकर या बैठकर इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शन होने के बाद चिकित्सक व कर्मचारी काम पर लौटे। उसके बाद मरीजों ने राहत की सांस ली।

# दो दिवसीय सीबीपी कार्यशाला आयोजित


- लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में हिंदी कोर्स-ए पर आधारित रही कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में सीबीएसई द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत हिंदी कोर्स-ए (माध्यमिक स्तर) पर आधारित दो दिवसीय अध्यापक क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सोनीपत एवं आसपास के विभिन्न जिलों के विद्यालयों से आए 60 से अधिक हिंदी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने रिसोर्स पर्सन ममता ग्रोवर एवं शमशेर सिंह को नवांकुर भेंट कर के स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रस्तुत किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को हिंदी विषय की गहराई से समझ प्रदान करना, नवाचार आधारित शिक्षण विधियों से परिचित कराना तथा कक्षा शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावशाली एवं छात्र-केंद्रित बनाना था। इस दौरान शिक्षकों ने अनेक प्रश्न एवं जिज्ञासाएं भी प्रस्तुत कीं, जिनका सहजता एवं स्पष्टता से उत्तर देकर समाधान किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



सोनीपत। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को जानकारी देते वक्ता।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता तरुण देवीदास साथ में अन्य।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**सोनीपत।** हलवाई हट्टा क्षेत्र स्थित बड़ा जैन मंदिर के निकट श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। कथा ब्रजधाम से पधारे कथा वाचक कुलदीप कृष्णा भारद्वाज के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही है। कथा की शुरुआत श्रीराम चंद्र विवाह उत्सव के भव्य आयोजन के साथ हुई, जिसमें भक्ति रस में सराबोर विशेष झांकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को अत्यंत भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रभु श्रीराम व सीता माता के विवाह प्रसंग का दिव्य आनंद लिया। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री तरुण देवीदास ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लेकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, अपितु एक आत्मिक जागरण है। यह जीवन में सद्गुणों को अपनाने, सेवा, परोपकार और भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

### कांग्रेस सेवा दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई

**सोनीपत।** कांग्रेस भवन सोनीपत में जिला कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट की उपस्थिति और जिलाध्यक्ष ईसाक मदार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अगस्त माह मे आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमे प्रमुख रूप से 8 अगस्त को भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ के अवसर पर गांधी चौक से सुभाष चौक तक पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम कांग्रेस भवन सोनीपत में आयोजित किया जाएगा । 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमन्त्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर ' सेवादल का यौद्धा, लगाएगा एक पौधा' कार्यक्रम सभी ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। 24 अगस्त को अमर शहीद क्रान्तिकारी सुखदेव जयंती पर राष्ट्रनिर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत ' मेरा देश मेरा गौरव' के बैनर तले विचार गोष्ठी का आयोजन सभी ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर किया जाएगा।

### डेक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन



**गन्नौर।** सीसीएएस जैन वमावि जीटी रोड ब्रांच में अंग्रेजी भाषा में डेक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया। अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, तकनीक का प्रभाव, युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया, साइबर बुलिंग, डिजिटल युग में नैतिकता जैसे समकालीन विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए। निर्णायक मंडल में अध्यापिका 'योति कपूर, रिचा और संगीता शामिल रहीं। मंच संचालन कनिष्ठ वर्ग से अंशिका, रीतिका व तान्या और वरिष्ठ वर्ग से दानिया व रितिका ने किया। प्रधानाचार्या भूषण भाटिया एवं उप प्रधानाचार्या शालिनी जैन ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की।



खरखौदा। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी की अध्यक्षता में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ किरन सरोहा द्वारा किया। यह अभिविन्यास कार्यक्रम महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाले प्रथम वर्ष के सभी छात्र- छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। जिसमें बीए प्रथम वर्ष ,एम ए प्रथम वर्ष, बीकॉम प्रथम वर्ष तथा बीएससी प्रथम वर्ष के सभी छात्र- छात्राएं शामिल रहे। इस कार्यक्रम में आए नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, सेल, गतिविधियों, छात्रवृति, वार्षिक कैलेंडर तथा भौतिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई ताकि आगामी समय में वह महाविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों तथा मिलने वाले लाभों से लाभान्वित हो सके। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने अपना-अपना परिचय देते हुए विभाग अनुसार सभी जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई। इस अभिविन्यास कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति प्रभारी विनोद मलिक द्वारा किया गया।

### अभ्यास वर्ग में बालिकाओं को किया जागरूक

**सोनीपत।** सेवा भारती के समर्थ किशोरी विकास प्रकल्प के तहत रविवार को सोनीपत स्थित संघ कार्यालय में एक अभ्यास वर्ग लगाया गया। इसमें बालिकाओं को श्लोक, देशभक्ति गीत, खेल,आत्म रक्षा, कानूनी धारायें व सोशल मीडिया के प्रयोग को लेकर चेतावनी सम्बन्धी विषय रहे। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष स्वामी अमृतानन्द, प्रांत बस्ती जागरण प्रमुख सुरेन्द्र, गीता कौशिक प्रांत टोली सदस्य, समुन्दर रोहतक विभाग प्रमुख, सोनीपत नगर अध्यक्ष हंसराज तनेजा, सतपाल जिला सचिव, अशोक जुगियानी कोषाध्यक्ष, गोहाना उपाध्यक्ष कमलेश उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाएं। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते अतिथि एवं आयोजक।

### शिविर में 35 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 35 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में 5 लोगों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुल्तान सैनी थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और मार्गदर्शन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने किया। शिविर में नियमित रक्तदाताओं में संदीप, अनिल, रिंकू, सुनील, रविराज, रामपाल, शिवम, हेमेन्द्र, प्रवींद्र, सुरेश और संजीत ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर में संदीप, सुभाष, सोनू, अनिल और दीपांशु ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।



सोनीपत। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक वर्मा।

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में सोमवार को नशे के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक वर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचें। विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार दहिया एवं एनएसएस जिला संयोजक पवन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने नशे के विरुद्ध जागरूक किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान केवल अपराधियों को पकड़ने से हल नहीं होगा, इसके साथ समाज में जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। कार्यक्रम के समापन पर सभी नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ ली।

# प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में सीबीएसई द्वारा अध्यापकों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और आर्ट इंटिग्रेटिड लर्निंग के अंतर्गत 'अंग्रेजी भाषा और साहित्य' से अवगत करवाने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कुमुद वर्मा और अर्चना झा संसाधन व्यक्तियों (रिसोर्स पर्सस) के नेतृत्व में अध्यापकों को नई शिक्षा नीति से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते संसाधन व्यक्तियों का स्वागत विद्यालय प्रधान राकेश जैन, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों तथा प्राचार्या डॉ. नीरू ने पुष्प-गुच्छ से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या डॉ. नीरू ने दीप प्रज्वलित कर अपने प्रेरणादायक भाषण से इस दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया। स्कूल में उपस्थित एवं अन्य स्कूलों से आए अध्यापकों के साथ नए-नए शिक्षण के तरीकों एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु चर्चा की। यह कार्यशाला पाठ्यक्रम में आए बदलाव से अवगत कराने के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार, संस्कृति और समग्र व्यक्तित्व के विकास पर बल देने के लिए आयोजित की गई। अध्यापकों से अनेक गतिविधियां करवाई गई ताकि छात्रों को भार मुक्त एवं रुचिकर तरीके से शिक्षा प्रदान की जा सके। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक।



समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

### समारोह की तैयारियां पूर्ण करने के आदेश

**गोहाना।** एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को उपमंडल परिसर स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम गोहाना में आयोजित होगा। एसडीएम ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अभी से समारोह की तैयारियां शुरू कर दें और समय पर अपना काम पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अंजलि श्रोत्रिय के अनुसार समारोह की तैयारियों को लेकर 8, 11 व 12 अगस्त को रिहर्सल की जाएगी। 13 अगस्त को फुल ड्रैस रिहर्सल होगी। बैठक में एसीपी देवेंद्र सिंह, शैक्षणिक खंड गोहाना के बीईओ राजेंद्र सांगवान, बीईओ राजकुमार, नगर परिषद सचिव सुरेन्द्र शर्मा, मार्केट कमेटी के सचिव सुरेश कुमार, डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला देवी, डीपीई लक्ष्मण सिंह, जसवंती, सुशीला और गौरव कपूर उपस्थित रहे।

## साउथ पॉइंट स्कूल में सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

# कार्यशाला शिक्षकों के लिए बेहद लाभदायक: चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में रविवार को सीबीएसई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता रहा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में जेवीएम स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. नीरू व द मॉडर्न स्कूल, कुंडली से टीजीटी अंग्रेजी निधि चौधरी ने शिरकत की। जिन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों को संबंधित विषय के बारे में बारीकी से अवगत कराया। कार्यशाला की अध्यक्षता साउथ पॉइंट स्कूल की प्राचार्य भावना कालरा ने की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने अतिथियों का स्कूल पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्कूल प्राचार्य भावना कालरा ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन 3 अगस्त को किया गया, जिसमें साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल और साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. नीरू व निधि चौधरी ने प्रतिभागी शिक्षकों को स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों ने न सिर्फ बढ़कर भाग लिया, बल्कि अपनी प्रतिभा भी दिखाई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन ने प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। इस दौरान शिक्षण प्रक्रिया में सामने आने वाली चुनौतियों, मूल्यांकन के तरीके, कक्षा प्रबंधन कौशल पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्राचार्य भावना कालरा ने रिसोर्स पर्सन का शिक्षण कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री व कार्यकारी अधिकारी डा. ममता सचदेवा ने बताया कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए बेहद लाभदायक रहेगी।




साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में प्राचार्य भावना कालरा के साथ मौजूद शिक्षक।



खरखौदा। पेट्रोल पंप की नींव रखते भाजपा नेता माई राम कौशिक।

### पेट्रोल पंप की रखी नींव, शोरूम का उद्घाटन

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने अपने दादा भरत सिंह के नाम से रोहतक मार्ग पर इलैक्ट्रानिक सामान के शौरूम का उद्घाटन भाजपा नेता माईराम से रिबन कटवाकर कराया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023-24 में विधायक पवन खरखौदा की पत्नी मीनाक्षी के नाम से अलॉट हुए पैट्रोल पंप की बाईपास पर नींव भी रखी गई। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि उन्होंने बद्दी, हिमाचल में देश में बने इलैक्ट्रानिक्स सामान की फैक्टरी लगाई है। इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, ब्लाक समिति चेयरमैन सतेन्द्र उर्फ सत्ते, नपा चेयरमैन हीरालाल, वाइस चेयरमैन मुकेश सैनी, पूर्व पार्षद आजाद सिंह भौरिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 21 दिवसीय 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम' का आयोजन

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ने नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ किया गया। 29 अगस्त तक चलने वाले स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया। यह 21 दिन की यात्रा न केवल उनकी शिक्षा की शुरुआत होगी, बल्कि जीवन भर के लिए एक प्रेरक अनुभव भी साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज निर्देशिका डॉ. शिवानी ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### दो गाड़ियों की टक्कर में कई घायल, दो भेजे पीजीआई

**खरखौदा।** आइएमटी खरखौदा में दो गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर में कई लोग घायल हो गए। जिनमें से दो को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार देने के बाद पीजीआई, रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल गाड़ी चालक हर्ष की शिकायत पर दूसरी गाड़ी के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खरखौदा की नेक्सट्रा सिटी में रहने वाले हर्ष का कहना है कि उसके पास एक अर्टिगा गाड़ी है। जिसे उसने ट्रांसपोर्ट में लगाया हुआ है। वह राहुल व धर्मेंद्र को बैठाकर आइएमटी में लेकर जा रहा था। आइएमटी के गेट नंबर 15 के पास पहुंचा तो सामने से एक तेज रफ्तार अर्टिगा गाड़ी आई और सामने से टक्कर मार दी।

### थेरेपी फॉर कटिंग से खिलाड़ी की कमर में घाव

**खरखौदा।** शहर में थेरेपी फॉर कटिंग से एक जैवलिन खिलाड़ी की कमर में घाव होने का मामला सामने आया है। जिससे खिलाड़ी निशांत की कमर कई जगह से जल गई है। जिन्होंने मामले की शिकायत पुलिस में दी है और आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्होंने आश्वासन दिया था कि जो स्पोर्ट्स इंजरी है उन्हें वह अच्छे से ठीक करता है। फिजियोथैरेपी और कटिंग थेरेपी के द्वारा वह इलाज करता है।

### युवक से फोन छीनने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने युवक के साथ मारपीट करके मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित यश निवासी मोहम्मदाबाद हाल बाबा कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही मंदीप ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान तीन अगस्त को राठधाना रोड पर मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि इंडिया बुल्स कंपनी के पास खेतों में बने कोठड़े के पास संदिग्ध हालत में युवक खड़ा हुआ है। टीम ने छापेमारी करके युवक को काबू कर लिया। उसके पास से तलाशी के दौरान एक पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# लॉन टेनिस में महिला वर्ग में सोनीपत ने करनाल को हराकर पहला स्थान पाया

## पुरुष वर्ग में यमुनानगर अव्वल खेल विश्वविद्यालय, राई में संपन्न हुआ राज्य स्तरीय आयोजन



राई। खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

खेल विश्वविद्यालय राई में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में सोनीपत की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए करनाल को 2-0 से पराजित कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में यमुनानगर ने कुरुक्षेत्र को 2-0 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में यमुनानगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि रोहतक ने रजत और सोनीपत ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और तकनीकी कौशल ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि हरियाणा में खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, कोचिंग, खेल छात्रवृत्ति और रोजगार अवसर दिए जा रहे हैं।

गआज हरियाणा का युवा केवल सपना नहीं देखता, बल्कि उसे साकार भी करता है। आज के युवा खेल को एक करियर की नजर से भी देख सकते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सुनीता खत्री, खेल उपनिदेशक, मौसमी घोषाल प्रिंसिपल व निदेशक खेल स्कूल राई, प्रमोद कुमार धीमन, मोहित कपूर, बरसर योगेश ठाकुर, ललिता शर्मा, संजय सरवत खेल निदेशक, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, मनोज यादव जिला खेल अधिकारी, कोच खेल स्कूल राई मौजूद रहे।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं 5 से 8 अगस्त तक

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड गोहाना की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 5 से 8 अगस्त तक आयोजित होंगी। खंड स्तर पर आठ खेलों का आयोजन होगा। खेल प्रतियोगिताओं के लिए क्षेत्र में विभिन्न स्थानों का चयन किया गया है। सोमवार को बीईओ गोहाना राजेंद्र सांगवान ने खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक ली। खंड स्तर पर आठ खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स की सभी प्रतियोगिताएं शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम गोहाना, योगासन प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना, क्रिकेट प्रतियोगिता जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना, मुक्केबाजी एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिताएं बाल भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना, कुश्ती प्रतियोगिता शमशेर अखाड़ा भैंसवाल कलां, कबड्डी प्रतियोगिता मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाठ व खो-खो प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरगथल में आयोजित होंगी। 5 और 6 अगस्त को लड़कियों की तथा 7 व 8 अगस्त को लडक़ों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खेल प्रतियोगिताएं अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित होंगी। विशेष अध्यापक बलराज को खेलों के लिए मीडिया की जिम्मेवारी सौंपी गई।


गोहाना। खेलों की तैयारी को लेकर बैठक लिए हुए बीईओ राजेंद्र सांगवान। *फोटो : हरिभूमि*

### ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता के महाकुंभ में छात्रा कशिश ने लहराया परचम



**गन्नौर।** फरीदाबाद में 2 अगस्त को आयोजित खेल महाकुंभ के अंतर्गत ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता में हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कशिश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया था लेकिन कशिश ने अपने मजबूत आत्मविश्वास, कठिन परिश्रम और बेहतरीन तकनीक से सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बताया कि निरंतर अभ्यास, परिश्रम और लगन का परिणाम है। कशिश ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने माता-पिता बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल ने भी कशिश को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्राओं ने सीखी तलवारबाजी


गोहाना। शिविर में आत्मरक्षा का अभ्यास करती छात्राएं।

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्व विद्यालय (विवि), खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए चल रहे चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर के चौथे दिन छात्राओं को तलवारबाजी, लाठी चलाना और मार्शल आर्ट्स के गुर सिखाए। छात्राओं ने योग एवं प्राणायाम का भी अभ्यास किया। चौथे दिन के बौद्धिक सत्र में आचार्य संदीप आर्य ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म एक व्यक्तिगत और सामाजिक परिवर्तन का मार्ग है जो सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, आत्मज्ञान और आध्यात्मिकता के माध्यम से व्यक्ति और समाज को बेहतर बनाता है।

## एशियन पैरा ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में अमित कुमार का शानदार प्रदर्शन


खरखौदा। कोच के साथ पैरा ताइक्वांडो एथलीट अमित कुमार।

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव मटिंडू निवासी एवं भारत के पैरा ताइक्वांडो एथलीट अमित कुमार (के 44 श्रेणी, 80+ किलोग्राम) एशियन पैरा ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025, कुचिंग, मलेशिया में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-8 में जगह बनाई। अमित कुमार ने क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 8) तक पहुंचते हुए यह साबित किया कि वह एशिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ईरान के हामेद हगशेनास से हुआ, जो वर्तमान विश्व चैंपियन और पेरिस 2024 पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। अमित ने बेहतरीन मुकाबला किया, लेकिन करीबी अंतर से हार गए। इसके बावजूद, उनका प्रदर्शन उन्हें एशिया में शीर्ष आठ खिलाड़ियों की सूची में ले आया। युवा मामलों और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पात्रता मानदंडों के अनुसार, जिन एथलीटों की रैंकिंग एशियन चैम्पियनशिप में टॉप-8 में आती है, वे 2026 पैरा एशियन गेम्स के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम में चयन के पात्र माने जाते हैं। हालांकि, एशियन गेम्स के लिए एक अलग क्वालीफिकेशन राउंड एशिया पैरा ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा, परंतु अमित कुमार अब आधिकारिक रूप से भारत से चयन के लिए पात्र हैं। भारतीय पैरा ताइक्वांडो टीम के मुख्य कोच हरजिंदर सिंह ने कहा, /"अमित कुमार ने बहुत साहस और मेहनत के साथ प्रदर्शन किया है।

### खेल से जुड़ी चोटों को गंभीरता से लें : डॉ नम्रता डब्बास



**सोनीपत।** खेल के दौरान लगी चोट के दर्द को नजरअंदाज करना खिलाड़ियों को भारी पड़ सकता है। दिल्ली के स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर के आंकड़े बताते हैं कि लगभग 80 फीसदी खिलाड़ी पेन किलर लेकर दर्द को दबाते हैं, जिससे न केवल समस्या बढ़ती है, बल्कि बाद में इलाज और सर्जरी के बावजूद शरीर पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता। सोनीपत पहुंचीं पेन और पैलिएटिव केयर की विशेषज्ञ कंसल्टेंट डॉ. नम्रता डब्बास ने बताया कि खिलाड़ियों को चाहिए कि दर्द को अनदेखा करने की बजाय समय रहते उचित इलाज लें, ताकि लंबे समय तक उनका प्रदर्शन प्रभावित न हो।

## डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क, फील्ड में बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद चिकित्सक व हैल्थ इंस्पेक्टर।

जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सोमवार को डिप्टी सिविल सर्जन डा. जितेंद्र ने जिले के सभी हेल्थ इंस्पेक्टरों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की और फील्ड में लारवा नष्ट करने की गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुखार के हर मरीज की ब्लड स्लाइड अनिवार्य रूप से बनाई जाए और तुरंत लैब में भेजी जाए ताकि संक्रमण की त्वरित पुष्टि हो सके। डॉ. जितेंद्र ने बताया कि इस सीजन में अब तक डेंगू के 11 और मलेरिया के 8 मामले सामने आ चुके हैं। विभाग ने अब तक 1,11,000 लोगों की ब्लड स्लाइड तैयार की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान जीटी रोड स्थित एक निजी स्कूल की निर्माणाधीन साइट पर मच्छरों के लार्वा को पनपते हुए पाया। टीम ने मौके पर लार्वा को नष्ट करवाया और साइट इंचार्ज को नोटिस जारी किया।

**डेंगू-मलेरिया वार्ड तैयार**

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू-मलेरिया के इलाज की व्यवस्था की गई है। नागरिक अस्पताल में 10 बेड का अलग वार्ड शुरू किया गया है, जबकि अन्य केंद्रों पर दो-दो बेड आरक्षित रखे गए हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने पर बेड भी बढ़ाए जाएंगे।
-डॉ. जितेंद्र।

## आईएएस के तौर पर पदोन्नति पाने वालों में खरखौदा के पहले एसडीएम महेंद्रपाल शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राज्य सरकार ने 15 अधिकारियों को एचसीएस से आईएएस हरियाणा कैडर में प्रमोट किया है। आईएएस बनने वाले अधिकारियों में खरखौदा उपमंडल के पहले एसडीएम महेंद्र पाल का भी नाम है। बता दें वर्ष 2012 में खरखौदा को उपमंडल का दर्जा मिला था। तब बतौर एसडीएम एचसीएस महेंद्र पाल ने चार्ज संभाला था। उस समय खरखौदा के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया था। अवैध कालोनी विकसित न हो, इस बारे में भी कदम उठाए गए थे। उनकी ट्रांसफर के बाद एचसीएस वीरेंद्र सहरावत खरखौदा के एसडीएम बने थे। सरकार ने 27 में से 15 एचसीएस को प्रमोट किया है। जिनमें खरखौदा उपमंडल से जुड़े उक्त दोनों अधिकारियों का नाम शामिल है। बेशक एचसीएस महेंद्र पाल का तबादला हुए खरखौदा से करीब 12 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन उनके कार्य करने का तरीका और खरखौदा के विकास को ध्यान में रखते हुए उनकी कार्यप्रणाली लोगों को इतनी अधिक पसंद आई कि तब से अब तक जब भी कोई भी अधिकारी खरखौदा में पदभार संभालता है, तो खरखौदा के लोग तत्कालीन एचसीएस अब आईएएस महेंद्र पाल की सकारात्मक कार्यप्रणाली का अवश्य गुणगान करते हैं। इतना ही नहीं वर्ष 2012 से लेकर अब तक खरखौदा उपमंडल में बतौर एसडीएम करीब 10 अधिकारी चार्ज संभाल चुके हैं। सभी अधिकारियों के सामने खरखौदा में पहले एसडीएम रहे महेंद्र पाल की कुशल कार्यप्रणाली का जिक्र उन सभी के सामने करते हैं। उन्होंने खरखौदा ही नहीं गांव में भी पेयजल व्यवस्था सुधार, पानी निकासी ठीक, गलियां ठीक-ठाक बने, गली निर्माण में हेरा फेरी ना हो, अवैध कालोनी विकसित न हो, इस तरह के कई कार्यों में रुचि दिखाई थी और खरखौदा के विकास में अहम भूमिका निभाई थी।

**मिनी सेक्रेटेरिएट के लिए भेजा था 30 एकड़ जमीन का प्रस्ताव**

मालूम हो कि वर्ष 2012-13 में मिनी सचिवालय खरखौदा रोहतक बाईपास पर करीब 30 एकड़ भूमि में बनाने का प्रस्ताव बनवाया था। जिसमें अधिकारियों के लिए आवास, खेल स्टेडियम पार्किंग व बड़े पार्क शामिल थे। लेकिन किसी कारणवश वह प्रस्ताव सिरे नहीं चढ़ पाया। इस बीच उनका ट्रांसफर अन्यत्र हो गया। जिसके बाद वह मामला फाइलों में ही दम तोड़ गया। हालांकि अब महसूस हो रहा है कि अगर वहां सचिवालय होता तो काफी अच्छा रहता।

## गली में गाड़ी खड़ी करने पर घर के अंदर घुसकर मारपीट व अभद्रता करने का आरोप

- पीड़ित महिला के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गली में गाड़ी खड़ी करने को लेकर घर के अंदर घुसकर मारपीट करने व अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

शहर की चावला कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनकी गाड़ी गली में खड़ी हुई थी। इसके विरोध में एक युवक ने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके घर के अंदर घुसकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उसके बेटे व पति को घायल कर दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी व उसके साथ अभद्रता कर आरोपित फरार हो गए। उपचार के लिए वह अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्होंने अपना उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताय कि इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## संदेह में पुलिस ने जांच की तो थार सवार युवक निकले आपराधिक पृष्ठभूमि वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


खरखौदा। पुलिस की गिरफ्त में युवक।

पुलिस ने सांपला चौक बाईपास से एक काली फिल्म लगी थार गाड़ी को संदिग्ध मानते हुए जब जांच की तो उसमें बैठे पांच युवकों में से चार पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज मिले। ऐसे में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि वह क्राइम यूनिट प्रभारी रवींद्र कुमार के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान बाईपास पर खड़ी थार गाड़ी दिखाई दी, जिसके सभी शीशे काली फिल्म से ढके थे। संदेह होने पर जांच की गई तो गाड़ी में बैठे युवकों की पहचान पानीपत निवासी कुनाल, करनाल निवासी अमित, डाहर निवासी अशोक, गोहाना के दीपक और अजीत के रूप में हुई।तलाशी के दौरान गाड़ी में लाठी-डंडे भी बरामद हुए। जांच में सामने आया कि कुनाल पर अपहरण सहित दो, अमित पर एक, अशोक पर चार और दीपक पर एक केस दर्ज है। हालांकि अजीत पर कोई केस नहीं मिला। थाना प्रभारी ने आशंका जताई कि ये युवक कोई आपराधिक वारदात करने के इरादे से इलाके में आए हो सकते हैं। ऐसे में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच शिविर में 160 मरीजों को दी दवा



**सोनीपत।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के तत्वावधान में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच शिविर सोमवार को राई हलके के गांव बरोटा में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन राई से विधायक कृष्णा गहलोत के नेतृत्व में किया गया। कैंप का संचालन सरपंच राजेश दहिया ने किया। कैंप में मधुमेह, लीवर ,पेट संबंधित रोग, बीपी, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द, गुर्दे की पथरी आदि रोगों का इलाज इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयों द्वारा किया गया। इस मौके पर 160 मरीजों की जांच कर फ्री दवाइयां दी गई। इस मौके पर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन डॉक्टर विनोद खन्नगवाल ने बताया कि मंगलवार को गांव मलिकपुर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इसमें बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की। डॉ. विनोद खन्नगवाल ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयां पूर्ण हर्बल हैं सभी रोगों में कारगर हैं। कैंप में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा से चेयरमैन डॉ विनोद खन्नगवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉ श्वेता रोहिल्ला, वाइस चेयरमैन डॉ. विनोद तोबड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक, डॉ महिपाल सिंह चेयरमैन एएएमसी इंडिया, डॉ शिवानी, डॉ प्रीति रोहिल्ला और डॉ अभिषेक रोहिल्ला मौजूद रहे।

- आज मलिकपुर में लगेगा कैंप

## फैक्ट्री में आगजनी: एक और श्रमिक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ स्थित एक फैक्ट्री में 27 जुलाई को लगी आग में चार श्रमिक आग की चपेट में आ गए थे। जिन्हें उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में लेकर जाया गया। आग में झुलसे श्रमिकों में से एक श्रमिक की रविवार रात को दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने कंपनी व ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव शेखपुरा हरदोई यूपी निवासी रामजीवन ने बताया कि वह अपने भाई अमरेश के साथ बहालगढ़ की फैक्ट्री में काम करता है। वे परिवार समेत बहालगढ़ में किराए पर मकान पर रहते हैं। 27 जुलाई को अचानक आग लगने से उसका भाई अमरेश, संदीप, भूरा व राजू झुलस गए थे। चारों को बहालगढ़ में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया गया था। रविवार रात को उसके 32 वर्षीय भाई अमरेश की मौत हो गई। उसने इसकी सूचना बहालगढ़ थाना पुलिस को दी। दिल्ली पुलिस ने लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अभी राजू, संदीप व भूरा की हालत नाजुक बनी हुई है।

### टूल्स कारोबारी से हजारों की राशि व मोबाइल छीना

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में बाइक सवार चार युवकों ने टूल्स कारोबारी से हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवार बदमाशों की तलाश के प्रयास कर रही है। पुलिस बदमाशों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव ककरोई निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि वह राई औद्योगिक क्षेत्र में टूल्स का कारोबार करता है। वह पारस इंजीनियर्स से सामान तैयार कराकर पार्टियों को बेचते है। वह बाइक पर सवार होकर प्याऊ मनियारी में रुपये लेने के लिए गया था।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण व शहरी आवास योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए

## प्रदेश में कोई गरीब परिवार अब बेघर नहीं रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई


राई। जनता दरबार में विधायक कृष्णा गहलावत का स्वागत करते हुए ग्रामीण व सरपंच।

विधायक कृष्णा गहलावत ने जनता दरबार लगाकर हलके के विभिन्न गांव से आए लोगों की समस्याओं को सुना। दरबार में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और सामुदायिक परेशानियों से विधायक को अवगत कराया। इससे पहले संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने पंचकुला में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा हजारों गरीब परिवारों को उनके सपनों का घर सौंपते हुए लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अर्न्तगत मलकियत प्रमाण पत्र वितरण करने व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हजारों लाभार्थियों को प्लाटों के आवंटन पत्र देने पर मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए आभार जताया। गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयास से प्रदेश में कोई गरीब परिवार अब बेधर नही रहेगा। यह डबल इंजन सरकार का संकल्प और मुख्यमंत्री की सोच है। मुख्यमंत्री गरीबों के लिए ठोस काम कर रहे है। उनके गांव मुरथल निवासी प्रमोद ने बताया कि गांव में पशुओं के अस्पताल के पीछे वाले जोहड़ की सफाई कराने, गांव मनोली के विपिन ने गांव के पास पुलिया में भरे पानी को निकलवाने की मांग की और बताया कि पानी भरने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरबार में मुख्य रूप से पानी की कमी, बिजली आपूर्ति में बाधा, विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें सामने आई। इस अवसर पर जेपी, सुरेन्द्र सरपंच ताजपुर, जयराम सरपंच भैरा बाकीपुर, सरपंच पंकज, प्रवेश सेवली, उपेन्द्र सेवली, विपिन मनोली, सुरेन्द्र, प्रमोद मुरथल आदि मौजूद थे।